Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 05 Nov 2024** **Page No. City Page 5**

AU-P-05- 5/11/24

## सुभारती में 9 से होगी शास्त्रीय गायन और नृत्य प्रतियोगिता




सुभारती विवि में प्रतियोगिता का पोस्टर लांच करते आयोजक। स्रोत : संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ और संस्कृति विभाग मंत्रालय की ओर से स्वर्णिम जयंती पर भारतीय शास्त्रीय गायन, वादन व नृत्य प्रतियोगिता होगी। इसके लिए प्रदेश के 18 संभागों में कार्यक्रम होंगे। इन्ही संभागों में एक मेरठ संभाग में आयोजन का उत्तरदायित्व स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग को दिया गया है। परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग की ओर से 9 व 10 नवंबर को प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को इसका पोस्टर लांच किया गया। पोस्टर का लोकार्पण ललित कला संकाय के प्रमुख प्रो. पिंटू मिश्रा और कला विभाग की अध्यक्ष प्रो. भावना ग्रोवर ने किया। प्रतियोगिता में शास्त्रीय संगीत से जुड़े छात्र-छात्राओं, जिनकी आयु 20 से 25 वर्ष हैं, वे आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन प्रक्रिया व अन्य जानकारी के लिए 8126654539, 9720200251 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्य राज ने अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **07 Nov 2024** **Page No.** **City Page 6**

7-11-24 My-6




सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्र-छात्राएं। स्रोत : स्वयं

# भारत ने विश्व को दी योग की सौगात : डॉ. हांग

## सुभारती में योगाभ्यास के माध्यम से फिटनेस कार्यशाला का हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय महिला सशक्तीकरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में योगाभ्यास के माध्यम से फिटनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि योग संग खोए एकेडमी वियतनाम की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. वो हांग एन, निदेशक डॉ. शिवम मिश्रा, सुभारती विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति कर्नल देवेंद्र स्वरूप रहे। डॉ. हांग ने कहा कि भारत ने विश्व को.योग की सौगात दी है।

कार्यशाला की सफलता के लिए कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

शिक्षा संकाय के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रो. डॉ. संदीप कुमार ने कार्यशाला को आयोजित करने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को फिटनेस और योग प्रैक्टिस के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि योग जीवन के लिए संजीवनी है और वर्तमान समय की दिनचर्या ने मानव जीवन को प्रभावित किया है। योग के माध्यम से ही रोग मुक्त जीवन प्राप्त किया जा सकता है।

डॉ वो हांग एन ने कहा कि वर्तमान समय में योग का दायरा लगातार बढ़ रहा है। दुनिया भर में योग लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत देश ने विश्व को योग की अनमोल देन दी है।

कोरोना महामारी के समय में अच्छे स्वास्थ्य के लिए लोगों ने इसे ज्यादा से ज्यादा अपनाया है। दायरा बढ़ने से इसके पेशेवरों की मांग भी काफी बड़ी है, इन सभी पहलुओं को देखते हुए योग संग खोए अकादमी वियतनाम योग के क्षेत्र में अपना बड़ा योगदान दे रही है और देश-विदेश में अपनी कार्यशाला, सेमिनार आदि आयोजित करती रहती है। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे योग व फिटनेस के विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना भी की।

डॉ. शिवम मिश्रा ने प्राचीन योग से अवगत कराया और डॉ. निशांत चौधरी सह आचार्य शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा भी योग विज्ञान पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न संकाय व विभाग से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और योग के माध्यम से हम कैसे अपने फिटनेस को स्वस्थ रख सकते हैं, उन सभी पहलुओं को समझने का प्रयास किया। डॉ. अंजली खरे, डॉ. सोकिन्द्र सिंह, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. सलीम जावेद, डॉ. अंकित सिंह जादौन मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 10 Nov 2024** **Page No. City Page 6**

10/11/24 – P-05 AU

# नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक रहें

संवाद न्यूज एजेंसी




सुभारती में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते वक्ता और मंचासीन अतिथि। स्रोत: स्वयं

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज में नए आपराधिक कानूनों और उनकी चुनौतियों को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार किया गया।

शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, लिली थॉमस सॉलिसिटर (यूके), प्रो. वागेश्वरी देसवाल ने किया गया। प्रो. रीना विश्नोई सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि नए आपराधिक कानून में परिवर्तन को स्वीकार करें और जागरूक रहें तो यह प्रक्रिया भी आसान लगेगी। उन्होंने औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता के बारे में भी बताया।

साजू जैकब ने कहा कि हर परिवर्तन महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपको कई तरीकों से बढ़ने और बेहतर बनने में मदद कर सकता है। वागेश्वरी देशवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता में परिभाषाएं अलग-अलग जगह पर धारा 6 से लेकर धारा 52 तक दी गई थीं, जबकि अब भारतीय न्याय संहिता में धारा 2 एवं 3 में समाहित हैं।

असद मलिक ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 आपराधिक प्रक्रिया ढांचे में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। अमर प्रकाश गर्ग ने कहा कि न्याय प्रक्रिया की सरलता तब ही सिद्ध होगी, जब न्याय व्यक्ति को उसके दरवाजे पर प्राप्त होगा, न कि छोटी छोटी बात के लिए न्यायालय का चक्कर लगाते रहने में। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने धर्म एवं पंथ में अंतर के बारे में बताया।

अंत में आयुष आनन्द, आकांक्षा श्रीवास्तव और आरती गोयल द्वारा पूरे कार्यक्रम की सारवान रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **11 Nov 2024** **Page No.** **5**

- आयुष कक्षा-11

AUP-05 11/11/24

# सुभारती के प्रज्ज्वल करेंगे प्री-आरडी कैंप में शिरकत

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक प्रज्ज्वल पांडेय प्री-आरडी कैंप के लिए चयनित हुए हैं। वह 10 से 19 नवंबर तक बीआईटी पटना में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर (पीआरडी कैंप) में भाग लेंगें। बीएजेएमसी द्वितीय वर्ष के छात्र प्रज्ज्वल पांडेय पश्चिमी उत्तर प्रदेश की चयन समिति द्वारा चयनित किए गए हैं।


प्रज्ज्वल

विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने खुशी जाहिर करते हुए छात्र को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंनें कहा कि प्री-आरडी कैंप में हिस्सा लेना छात्र के लिए गौरव का पल है और एनएसएस की बड़ी उपलब्धि है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज ने भी छात्र को शुभकामनाएं दीं।

एनएसएस के विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने बताया कि विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक लगातार दूसरी बार प्री-आरडी कैंप में शिरकत कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि प्री-आरडी कैंप का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा हर साल किया जाता है। इसमें उत्तम प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का मौका मिलता है। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 14 Nov 2024 Page No. 8**

AU- P-08- 14/11/24

# कंटेंट बनाने के लिए उपयोगी टूल्स का उपयोग समझाया



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। स्रोत : स्वयं

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में बुधवार को इमर्जिंग ट्रेंड्स इन डिजिटल मार्केटिंग विषय पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का अंतिम सत्र आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के उभरते रुझानों और व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना था।

प्रशिक्षक अरुण राठी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कंटेंट मार्केटिंग की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रभावशाली कंटेंट बनाने के लिए उपयोगी टूल्स का उपयोग समझाया और उनकी व्यावसायिक ब्रांडिंग में भूमिका पर चर्चा की। वहीं पेड मार्केटिंग और इसके लाभ विषय पर अपने अनुभव साझा किए।

अगले सत्र में क्रिएटिव विजुअल्स और डिजाइनिंग पर चर्चा करते हुए मैक्सिम लर्निंग की ग्राफिक डिजाइनर स्वाति चौधरी ने छात्रों को डिजाइनिंग के बेसिक सिद्धांतों के साथ-साथ नवीनतम ग्राफिक डिजाइन टूल्स से अवगत कराया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 15 Nov 2024** **Page No. 2**

AU-P-2 15/11/24

# रोबोटिक्स क्षेत्रों में उन्नति से वैश्विक केंद्र बन रहा देश



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। स्रोत : स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, अपोलो हॉस्पिटल एंटरप्राइजेज की संचालन प्रमुख सुधा झिझारिया, केलर समूह गुरुग्राम के उपमहाप्रबंधक मानस कुमार भट्टाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि विवि द्वारा विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण रोपित कर उन्हें दक्ष बनाकर रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने एचआर कॉन्क्लेव की सफलता के लिए मंगलकामनाएं की। हीरो मोटोकॉर्प के एचआर हेड मैन्युफैक्चरिंग प्रद्युमन पांडे ने कहा कि भारत में उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्य कौशल के भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करना एक बहुआयामी और बहु-हितधारक जिम्मेदारी है। मंच संचालन डॉ. निशा सिंह ने किया। विवि के सभी संकाय एवं विभागों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Hindustan**

**Date- 15 Nov 2024 Page No. 6**

15/11/24 Hindustan- P-6

# ऑटोमेशन में उन्नति से वैश्विक केंद्र बन रहा देश

**सुभारती**




मेरठ,संवाददाता। सुभारती विवि में गुरुवार को एचआर कॉन्क्लेव हुआ। शुभारंभ हीरो मोटोकॉर्प के एचआर हेड मैन्युफैक्चरिंग प्रद्युमन पांडे, सुभारती विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज की संचालन प्रमुख सुधा झिझारिया, केलर समूह गुरुग्राम के उप महाप्रबंधक मानस कुमार भट्टाचार्य, फेबल इस्ट्रील लाइफ स्टाइल सॉल्यूशन नोएडा की एचआर हेड अनिशा जयाराजन, ऑटो इग्निशन लि.गुरुग्राम की महाप्रबंधक भावना चौहान, रेमसंस इंडस्ट्रीज के प्लांट एचआर हेड जितेन्द्र कुमार, कुसुम हेल्थ केयर के निदेशक अनिल त्यागी, एनफोजेक सॉफ्टवेयर के एसोसिएट डायरेक्टर पीयूष गोयल, इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ.मनोज कपिल एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा ने किया।

कुलपति ने कहा कि विवि विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण रोपित कर रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

प्रद्युमन पांडे ने कहा भारत में उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। ऑटोमेशन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों पर बल देने से भारत को उन्नत विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र में बदलने की क्षमता प्राप्त हो रही है। अमित वर्मा ने बताया कि कार्य कौशल के भविष्य को दिशा देने बनाम डिग्री के विषय पर एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। संचालन डॉ.निशा सिंह ने किया।

## बाल दिवस पर बच्चों ने सुलझाई पहेलियां

मेरठ। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा एवं पहेली प्रतियोगिता हुई। प्रिंसीपल संगीता कश्यप ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में एक बीज की भांति असंख्य क्षमताएं छिपी हुई हैं। पीएम श्री केवी सिख लाइंस में हुई संकुल स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिता में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रिंसीपल रवि प्रताप सिंह एवं भाजपा नेता अरुण वशिष्ठ ने शुभारंभ किया।

## सेंट जॉन्स में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

मेरठ। कैंट स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मन मोह लिया। जादूगर वी.सम्राट ने मैजिक शो दिखाया। प्रिंसीपल डॉ. शिमोना जैन ने बच्चों को बधाई दी। केडी इंटरनेशल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ क्रिकेट कोच अतहर अली ने किया। प्रधानाचार्या रुपल रस्तौगी, सेक्रेटरी डॉ. अनीता गिरी ने विचार रखे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 17 Nov 2024** **Page No. 8**

AU-E-08- 17/11/24

# शिक्षकों के कौशल विकास पर दिया जोर

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती विवि में आयोजित कार्यशाला में मौजूद अतिथि। स्रोत : स्वयं

मेरठ। सुभारती विवि में सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान विधिया विषय पर अतिथि व्याख्यान और कार्यशाला हुई। कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों के कौशल विकास पर जोर दिया गया। वक्ता डॉ. कुलदीप सिंह और डॉ. रविकांत सरल रहे।

डॉ. कुलदीप सिंह तोमर ने अपने प्रस्तुतिकरण में अनुसंधान डिजाइन, डेटा संग्रह विधिया और नैतिक विचारों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को कवर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शोध का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह नीति शिक्षा को शोध-आधारित और नवाचार-प्रेरित बनाने पर जोर देती है, जिससे छात्रों और शिक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके।

डॉ. रविकांत सरल ने सामाजिक अनुसंधान के व्यावहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने अकादमिक और पेशेवर विकास में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रो. अमृता चौधरी ने किया।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 19 Nov 2024 Page No. 6**

P-06-AU 19/11/24

## सुभारती विवि में संवादिनी स्वर की बारीकियां समझाईं

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय में कला विभाग की ओर से संवादिनी पर रागदारी संगीत के व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय विद्यापीठ के अध्यक्ष व प्रसिद्ध हारमोनियम वादक प्रो. शारंगधर साठे ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन भी किया गया।

प्रो. एस साठे ने बताया कि किस तरह हारमोनियम पर स्वर मंडल को जोड़ लेने से संवादिनी स्वर व तंत्री वाद्य का अविष्कार किया गया। उन्होंने संवादिनी वाद्य पर सर्वप्रथम राग तोड़ी व उसके उपरांत राग झिंझोटी में प्रर्दशन किया।

इसके अलावा संवादिनी की तकनीकी बारीकियों को साझा किया। उनके साथ संगत पर मंच कला संकाय के तबला वादक फरदीन हुसैन खां रहे। अंत में संकाय प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा ने विश्वविद्यालय की ओर से विशिष्ट वक्ता को सम्मानित किया गया। डॉ. भावना ग्रोवर ने सभी का आभार जताया। संवाद



सुभारती विवि के कला विभाग में हुए कार्यक्रम में अतिथि। स्रोत : विवि

## भारत ब्रिटेन साहित्य सम्मान से नवाजा

गंगानगर। ऋषिकेश में भारत-ब्रिटेन अंतरराष्ट्रीय सनातन महोत्सव-2024 हुआ। इसमें मेरठ की गंगानगर सी-ब्लॉक निवासी कवयित्री व सहायक शिक्षिका राम कुमारी को भारत-ब्रिटेन साहित्य सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि संस्थापक डॉ. सुरेश सिंह शौर्य प्रियदर्शी रहे। अध्यक्षता डॉ. राम रतन श्रीवास ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनील दत्त थपलियाल, शांति प्रकाश जिज्ञासु, सत्यानंद बडोनी, शकुंतला रहे। कार्यक्रम में अनेक राज्यों के कवियों और शिक्षिकों ने भाग लिया। संवाद

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name - Amar Ujala**

**Date- 20 Nov 2024 Page No. 5**

20/11/24-P-5 AU

## शेयर बाजार के महत्व पर प्रकाश डाला

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय के कॅरिअर सेल के तत्वावधान में शेयर बाजार में दो दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज एंड मैनेजमेंट द्वारा प्रायोजित रही। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने शुभकामनाएं दी। प्रो. आरके घई ने छात्रों को शेयर बाजार के महत्व और इसमें रोजगार के अवसरों के बारे में बताया।

मुख्य वक्ता अर्चना शर्मा ने शेयर बाजार की विभिन्न बारीकियों के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने शेयर बाजार में कॅरिअर विकल्पों के बारे में गहन जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान छात्रों को न केवल सैद्धांतिक, प्रैक्टिकल ज्ञान भी दिया गया। कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शेयर बाजार के क्षेत्र में संभावित कॅरिअर विकल्पों पर चर्चा की। छात्रों ने अर्चना शर्मा के अनुभव से लाभ उठाया और अपने कॅरिअर की दिशा को स्पष्ट किया। संवाद




सुभारती में शेयर मार्केट विषय पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं। स्रोत : स्वयं

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

## News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 23 Nov 2024** **Page No.** **City Page 5**

# वास्तविक इतिहास उजागर होना चाहिए: डॉ. अतुल

23/11/24 AU-My-5

## सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रबोध व्याख्यान शृंखला के तहत हुआ गोष्ठी का आयोजन



सुभारती विवि में हुए कार्यक्रम में शामिल अतिथि। स्रोत : विवि

**संवाद न्यूज एजेंसी**

मेरठ। राष्ट्रीय चरित्र से तात्पर्य एक राष्ट्र के नागरिकों के सामूहिक गुणों, आदर्शों और नैतिक मूल्यों से है, जो उनके व्यवहार और दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं।

यह बात सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने मांगल्या प्रेक्षागृह में राष्ट्रबोध व्याख्यान शृंखला के तहत चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण विषय पर गोष्ठी में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल और प्राचार्य डॉ. प्रदीप भारती गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने बताया कि विवि में विद्यार्थियों को राष्ट्रभाव से जोड़ने के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रहित के विभिन्न विषय पर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चरित्र निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण हो सकता है। इसके लिए विद्यार्थियों में देशभक्ति के गुण रोपित करने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य वक्ता डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा कि अपने दैनिक व्यवहार में मुदिता, करुणा, मैत्री उपेक्षा, सेवा के गुण लाने से हम चरित्रवान बन सकते है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, उन्नति एवं अखंडता के साथ सौहार्द के भाव से एक दूसरे की सहायता करना हमारे अंदर राष्ट्र चरित्र निर्माण करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश के वास्तविक इतिहास को उजागर किया जाए ताकि असंख्य वीर बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में कार्य किए जाएं।

उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में सदाचार के गुण स्थापित करने होंगे। जिनमें माता पिता, गुरुजनों एवं सैनिक व बलिदानों का सम्मान कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने सुभारती का अर्थ बताते हुए कहा कि सु मतलब अच्छा और भारती अर्थात् भारत का रहने वाला अच्छा नागरिक ही सुभारती कहलाता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सत्यम खरे ने दिया। मंच का संचालन डॉ. अर्चिता तिवारी कंसल व डॉ. त्रिशला चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव एम याकूब, कुलसचिव दूशिक सैय्यद जफर हुसैन आदि सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय व विभाग के प्राचार्य व शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **24 Nov 2024** **Page No.** **City Page 8**

AU-P-08-24/11/24

# प्रश्नोत्तरी में लॉ कॉलेज की छात्रा प्रकृति अव्वल

**सुभारती विवि में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कराया गया आयोजन**

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता कराई गई। इसमें लॉ कॉलेज की छात्रा प्रकृति अव्वल रही। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कला एवं सामाजिक संकाय की डीन प्रो. डॉ. सुधीर त्यागी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को उजागर करना और विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

निर्णायक मंडल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीठ के चेयरमैन डॉ. देशराज सिंह ने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय ने यह विशेष कार्यक्रम कर राष्ट्रहित में योगदान दिया है। भविष्य निर्माताओं को संविधान के विषय में गहनता से ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। संविधान की धाराएं हमें आत्मविश्वास और स्वतंत्रता प्रदान करती हैं। इससे हम एक अच्छे शासक और प्रशासक बन पाते हैं।

वहीं, डॉ. अनोज राज ने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है। डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने संविधान की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डाला। क्विज में संविधान से संबंधित रोचक और



सुभारती विवि में आयोजित प्रतियगिता के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। स्रोत : स्वयं

ज्ञानवर्धक प्रश्नों के उत्तर देकर प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान तीन राउंड आयोजित किए गए। इसमें बीए-एलएलबी की छात्रा प्रकृति ने बाजी मारी। द्वितीय स्थान पर बीए-राजनीतिक शास्त्र के छात्र अतुल कौशिक रहे। वहीं, तृतीय स्थान बीए-एलएलबी की छात्रा शिवानी ने प्राप्त किया। कमेटी सदस्य डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. आरती कंसल, डॉ. प्रीति सिंह और डॉ. श्रुति पोखरियाल का विशेष योगदान रहा।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date- 25 Nov 2024** **Page No.** **City Page 5**

25/11/24-P-05 AU

# छात्र संसद से मिलता है विधि निर्माण का ज्ञान

## सुभारती विश्वविद्यालय में दो दिवसीय स्वामी विवेकानंद छात्र संसद-2024 का आयोजन किया गया

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती विवि में आयोजित छात्र संसद कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। स्रोत : स्वयं

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान की ओर से दो दिवसीय स्वामी विवेकानंद छात्र संसद-2024 का आयोजन किया गया। संकाय अध्यक्ष डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने कहा कि विधि विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन महत्वपूर्ण है। इसमें विद्यार्थी विधि निर्माण की प्रक्रिया के बारे में सीखते हैं। इसके साथ ही वे समाज में व्याप्त कई तरह की समस्याओं के बारे में भी जानते हैं। साथ ही इनके निराकरण के बारे में अपने सुझाव दे सकते हैं।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत ही सुभारती विधि संस्थान की मूट कोर्ट एसोसिएशन तथा साहित्यिक क्लब की ओर से यह कार्यक्रम कराया गया। इसका शुभारंभ संकाय अध्यक्ष डॉ. वैभव गोयल भारतीय, प्रो. रीना बिश्नोई, डॉ. प्रेचंद्र, आफरीन अल्मास, एना सिसोदिया ने किया। डॉ. वैभव ने कहा कि किसके लिए क्या कानून कारगर होगा, उसे किस प्रकार बनाया जाए, इस बारे में विद्यार्थियों को बुनियादी जानकारी देना इस आयोजन का उद्देश्य है। ऐसे कार्यक्रम विधि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।

छात्र संसद के अध्यक्ष पद पर भाविनी कौशल्या, उपसभापति पद पर आशुतोष शर्मा और हिमांशु पंवार ने मध्यस्थ (सभी बैच 2018 एवं 2019 के पुरातन विद्यार्थी) की भूमिका निभाई गई। सभापति के रूप में भाविनी कौशल्या ने सभी सांसदों को शपथ ग्रहण कराई। इसमें विशेष रूप से इलेक्शन रिफॉर्म्स, मानवाधिकार बनाम राष्ट्रीय सुरक्षा तथा कार्यक्षेत्र में महिलाओं का योगदान जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। मूट कोर्ट एसोसिएशन की शिक्षक संयोजिका आफरीन अल्मास और लिट्रेरी क्लब की एना सिसोदिया संयोजक रहीं। कार्यक्रम में लॉ कॉलेज, डेंटल कॉलेज, लिबरल आर्ट्स कॉलेज एवं फार्मेसी कॉलेज के 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. अनुराधा अस्थाना, सोनल जैन, अरशद आलम, आशुतोष देशवाल, हर्षित, ईशा त्यागी, शिवम् शर्मा, नीलेश मिश्रा, विवेक, अंशिका, विख्यात, कसक, सिद्धांत, प्रकृति, हर्ष, दिया, स्मृति, सुरभि, अंकिता, युवराज सहित अन्य उपस्थित रहे।

**Gen. G.S. Dhillon Central Library**
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
**SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY**
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 25 Nov 2024** **Page No. 2**

Hindustan – P-2 25/11/24

# सुभारती समूह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



रविवार को सुभारती समूह ने मेधावियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

मेरठ,संवाददाता। सुभारती समूह द्वारा ग्राम शरीफपुर हापुड़ में संचालित विजय सिंह पथिक सुभारती विद्यालय में बौद्धिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग सोमनाथ सिंह का रहा।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत हापुड़ की अध्यक्ष रेखा नागर ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सुभारती समूह द्वारा चिकित्सा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु विजय सिंह पथिक सुभारती विद्यालय द्वारा गौरवशाली कार्य कर रहे है। यह सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में माता पिता व गुरुओं का सदैव सम्मान करना चाहिए। सुभारती ग्रामीण स्कूल एवं स्वास्थ्य केन्द्र के निदेशक दीपक गुप्ता, प्रबंधक विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य संजय कुमार, पूर्व प्रधान राजवीर सिंह, प्रधानचार्य संरक्षक सुखवीर सिंह रहे।

Gen. G.S. Dhillon Central Library
Website: subharti.org, e-mail: slib53@rediffmail.com, Ph.: 0121-2439043 / 52, Telefax: 0121-3058030, 2439067
SWAMI VIVEKANAND SUBHARTI UNIVERSITY
(Established under U.P. Govt. Act no. 29 of 2008 and approved under section 2(f) of UGC Act 1956)

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Amar Ujala**

**Date-** **29 Nov 2024** **Page No.** **City Page 5**

AU-P-05 29/11/24

# संविधान पर प्रतियोगिता में ऐश्वर्या यादव रहीं अव्वल

## सुभारती विवि में भारतीय संविधान विषय पर प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं कराई गईं

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सुभारती विश्वविद्यालय के लिबरल आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज विभाग की ओर से भारतीय संविधान विषय पर प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में संविधान के महत्व और उसकी प्रासंगिकता के प्रति जागरूकता करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। ऐश्वर्या यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरुषि सिंह और अभिनव तोमर ने द्वितीय स्थान लिया ज़बकि देविका सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मूल्यों का प्रतीक है। संविधान किसी भी देश की आत्मा है। यह वह दस्तावेज़ है, जो हमारे देश की नींव को मजबूत करता है और बताता है कि हम एक राष्ट्र के रूप में कैसे कार्य करेंगे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं जैसे उसके निर्माण, संरचना, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस दौरान छात्रों को संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया।



सुभारती विश्वविद्यालय में हुई प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व अतिथि। स्रोत : संस्था

वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय रहे- संसदीय बनाम राष्ट्रपति प्रणाली, नारीवाद और युवाओं की समस्याएं। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. प्रो. अशोक त्यागी ने प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण, विषय की जानकारी और अभिव्यक्ति शैली के आधार पर मूल्यांकन किया। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया और उसकी वर्तमान प्रासंगिकता के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. दुर्वेश कुमार, डॉ. दिनेश कुमार और कौशिंद्र सिंह राघव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. नियति गर्ग, डॉ. रूबी और डॉ. लवली मौजूद रहीं।

# News Paper Clipping Service

**News Paper Name -** **Hindustan**

**Date- 29 Nov 2024** **Page No. 5**

Hindustan - P-5 29/11/24

# संविधान एक जीवित दस्तावेज : कशिश

**सुभारती कॉलेज**



मेरठ, प्रमुख संवाददाता। सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से 'भारतीय संविधान की आत्मा को कायम रखना' विषय पर सेमिनार हुई। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, एडिशनल जिला जज उदयवीर सिंह, अतिरिक्त सिविल जज कशिश अग्रवाल, प्रवीन सिंह, प्रो. एपी गर्ग, डॉ.आरके घई, प्रो.रेणु मावी एवं प्रो.वैभव गोयल भारतीय ने दीप प्रज्जवलन से किया।

अंकिता रोहियाल एवं कसक सिरोही ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना हिन्दी एवं अंग्रेजी में उच्चारित किया। प्रो.रीना बिश्नोई ने कहा कि संविधान नागरिकों को मौलिक अधिकार देता है। कशिश अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संविधान महज विधिक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह एक जीवित दस्तावेज है। प्रवीन सिंह ने भारतीय संविधान को समाज के वंचित वर्ग के लिए उम्मीद की मशाल बताया। क्विज में प्रकृति प्रथम, अतुल कौशिक द्वितीय, शिवांगी कुमारी तृतीय रहीं। पोस्टर में अमन और आयशा अंसारी एवं गौतम कुमार द्वितीय, चिराग एवं वंशिका तृतीय रहे। लीगल ड्राफ्टिंग में अंकिता, शिवम शर्मा, प्रिया चौधरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहीं। उदयवीर सिंह, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, प्रो.वैभव गोयल भारतीय, जोयाराव, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेम चन्द्र, डॉ. अनुराधा अस्थाना आदि मौजूद रहे।